**जनपद हमीरपुर**

**थाना-बिवांर** **दिनांक 05.09.2026**

**थाना बिवांर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-175/26 धारा-305(A)/ 331(3)/ 317(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए चोरी के माल सहित 02 वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में।**

**घटना का विवरण-**

अवगत कराना है कि दिनांक 04.09.2026 को वादी पवन पुत्र देवीदीन निवासी ग्राम अतरार, थाना बिवांर, जनपद हमीरपुर से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बिवांर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-175/26 धारा 305(A)/ 331(3) बीएनएस बनाम अरविन्द पुत्र सरमन (उम्र करीब 35 वर्ष) निवासी ग्राम अतरार थाना बिवांर जनपद हमीरपुर व पुत्तन पुत्र देवीदीन वर्मा (उम्र करीब-28 वर्ष) निवासी ग्राम धनपुरा ,थाना बिवार, जनपद हमीरपुर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था।

**पुलिस कार्यवाही-**

आज दिनांक 05.09.2026 को थाना बिवांर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत उपरोक्त मुकदमें से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण अरविन्द पुत्र सरमन एवं पुत्तन पुत्र देवीदीन वर्मा को मुखबिर खास की सूचना पर छानी अतरार रोड बिवांर से गिरफ्तार कर अभियुक्तगण कि निशानदेही पर चोरी किये गये माल की बरामदगी करते हुए मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) की बढ़ोतरी की गई । प्रकरण में विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

अरविन्द पुत्र सरमन (उम्र करीब 35 वर्ष) निवासी ग्राम अतरार, थाना बिवांर, जनपद हमीरपुर।

पुत्तन पुत्र देवीदीन वर्मा (उम्र करीब-28 वर्ष) निवासी ग्राम धनपुरा ,थाना बिवार, जनपद हमीरपुर ।

**गिरफ्तारी का स्थान-**

छानी अतरार रोड बिवांर हमीरपुर।




**बरामदगी-**

1.एक अदद मोटरसाइकिल ।

2.एक अदद गैस सिलेण्डर।

3.एक अदद फर्राटा फंखा।

4.एक अदद एल0सी0डी0 टीवी।

**पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 मुहम्मद सुल्तान

2. का0 अमृत गुप्ता

3. का0 विनोद कुमार

5 का0 कपिल कुमार